फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री गोपाल दवे निवासी 168/3, शीतल नगर, बाणगंगा, इन्दौर मध्य प्रदेश

– अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार कुंभलगढ – प्रत्यर्थी

किस्म मुकदमा – अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 61/2024**

कमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाए जारी की गई

दिनांक **28.08.2024**

पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार कुंभलगढ से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार कुंभलगढ से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया।

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार कुंभलगढ से जरिये पृष्ठांकित अपीलार्थी क्रमांक : सू.का अधि./2024/24 दिनांक 21.08..2024 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत परिवाद संख्या 05240789249431 की जांच रिपोर्ट व भूमि का नक्शा, ट्रेस, जमाबन्दी इत्यादि चाही गई थी। किन्तु उक्त परिवाद संख्या से कोई परिवाद सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज नही है। अतः सूचना दिया जाना संभव नही है इस बाबत् प्रार्थी को निर्धारित अवधि में इस कार्यालय के पत्र क्रमांक सू.का. अधि./2024/17 दिनांक 25.06.2024 को जरिये रजिस्टर्ड डाक से अवगत करवा दिया गया था

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार कुंभलगढ की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार कुंभलगढ की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा परिवाद संख्या 05240789249431 से कोई परिवाद सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज नही होने से सूचना का दिया जाना संभव नही है। अतः अपीलार्थी को निर्देशित किया जाता है कि वांछित सूचना के लिए नियमानुसार आवेदन कर वांछित सूचना प्राप्त करें। उक्त प्रकरण इसी स्टेज पर खारिज किया जाता है।

निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार कुंभलगढ को भिजवायी जावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

लोक सूचना ~~अपीलीय~~ अधिकारी
(जिला कलक्टर) राजसमंद